एमसीएम डीएवी में आयोजित हुई एलुमनी मीट

● प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : गरिमा

एमसीएम डीएवी कालेज में आयोजित एलुमनाई मीट में पुरानी छात्राओं ने ताजा की पुरानी यादें।

चंडीगढ़,25 नवंबर (राकेश) : मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन की एलुमनाई एसोसिएशन ने रन्देवू एंड रेमिनिसेंस 2019 नामक अपनी वार्षिक एलुमनाई मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज की पूर्व छात्राएं, विश्व के विभिन्न कोनों से कॉलेज कैंपस में उत्साहपूर्वक एकत्रित हुई। इस आयोजन में प्रो. पीएस जसवाल, वाइस चांसलर, राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला तथा कॉलेज की पूर्व छात्रा प्रो. निष्ठा जसवाल, वाइस चांसलर, हिमाचल प्रदेश नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

इस एलुमनी बांड के शानदार जश्न में गरिमा सिंह, आईआरएस, विशेष सचिव (वित्त), पंजाब सरकार, प्रो. योजना रावत, चेयरपर्सन, यूएसओएल, पीयू, डॉली मालकियत, प्रसिद्ध लोक गायक और इवेंट मैनेजर, कैप्टन रूचि शर्मा, प्रथम महिला पैराट्रूपर, भारतीय सेना, गगनदीप, लेखक के साथ साथ एमसीएम डीएवी कॉलेज की एलुमनाई एसोसिएशन की प्रैजीडैंट गायत्री, वाइस प्रैजीडैंट, सुरभि, सचिव सिमरत भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के अपने अनूठे काव्यात्मक तरीके से, प्रो.निष्ठा जसवाल ने एमसीएम में अपने प्रारंभिक वर्षों को याद किया, जिसने उनका उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कॉलेज में अपने शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें अपनी क्षमता का एहसास कराया और उनके व्यक्तित्व को निखारा। गरिमा सिंह ने कहा कि एमसीएम द्वारा अपनी छात्राओं में जिन मूल्यों और अनुशासन का समावेश किया जाता है असल में वे ही उनके उज्जवल भविष्य की नीव रखते हैं एवं उनके व्यक्तित्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं एक प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। पूर्व छात्राओं ने अपने जीवनसाथी और बच्चों के साथ गीत, संगीत, नृत्य प्रदर्शन एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अलुम्ना ऑफ द ईयर प्रतियोगिता थी जिसमे कॉलेज की विभिन्न बैचों के पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

इस प्रतियोगिता में 1994 बैच की आरती त्रिखा ने अलुम्ना ऑफ द ईयर का खिताब जीता जबकि 2002 बैच की झिनिया ग्रेवाल और 1994 बैच की डॉली मालकियत को क्रमशः फर्स्ट रनर अप और सेकंड रनर अप के खिताब से नवाजा गया । कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने पूर्व छात्राओं को एमसीएम की एकेडेमिक, एक्स्ट्रा करिकुलर, कल्चरल एवं स्पोर्ट्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया । उन्होंने पूर्व छात्राओं को अपने कॉलेज से जुड़े रहने का आग्रह किया और उन्हें अपनी संस्था की प्रगति के लिए हरसंभव योगदान देने के लिए प्रेरित किया।